तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गीतादेवी बनाम लो.सू.अ. (जिला रसद अधिकारी जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 147/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20-06-2022	अपीलार्थी गीतादेवी, निवासी 190, वार्ड नं. 08, पीपाड़सीटी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 25.03.2022 में (1) ग्राम पंचायत सियारा, पंचायत समिति पीपाड़शहर, जिला जोधपुर के सम्बंध परिवार राशनकार्ड का बारकोड 008484500289 बाबुलाल पिता सुखाराम के 1जनवरी 2018 से आज दिनांक 25.03.2022 तक जो भी सामग्री वितरित की उसकी सूची प्रत्येक महिने , से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी जोधपुर कार्यालय) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (जिला रसद अधिकारी जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (जिला रसद अधिकारी द्वितीय जोधपुर) से ज़रिये पत्रांक 556 दिनांक 14.06.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थीया द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 555 दिनांक 03. 06.2022 द्वारा प्रार्थीया स्वयं को दी जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी को सूचना दी जा चुकी है तथा दी गई सूचना [illegible] प्रार्थीया के हस्ताक्षर भी किये हुए है अतः प्रस्तुत अपील इस स्टेज पर [illegible] योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:20:26 IST
Reason: SelfAttested